कार्यालय, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, जवाहर भवन, छठां तल, लखनऊ

संख्याःएम0ई0–2/2023/202

लखनऊ : दिनॉक 31/01/2023

## ''विज्ञप्ति''

उ0प्र0लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा चयनित/संस्तुत चिकित्सा शिक्षकों/अभ्यर्थियों की प्रथम तैनाती नव स्थापित राजकीय मेडिकल कालेज यथा–बॉदा, बदायूॅं, जालौन, कन्नौज, सहारनपुर, आजमगढ़ एवं अम्बेडकरनगर में करनें हेतु काउन्सिलिंग की जानी है। उक्त नवस्थापित मेडिकल कालेजों में सुपर स्पेशियलिटी विशिष्टता सृजित न होने के दृष्टिगत पुरानें मेडिकल कालेजों के संबंधित विशिष्टता में सृजित एवं रिक्त पदों के सापेक्ष कांउसिलिंग की जायेगी। अतः निम्नलिखित विशिष्टताओं में लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा चयनित/संस्तुत अभ्यर्थियों/चिकित्सा शिक्षकों को यह निर्देशित किया जाता है कि वह **काउंसिलिंग की तिथि दिनॉक 14.02.2023 दिन मंगलवार स्थान कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 जवाहर भवन, छठां तल, लखनऊ के सभाकक्ष में पूर्वाह्न 11:00 बजे उपस्थित हों**। संबंधित चिकित्सा शिक्षकों/अभ्यर्थियों को अपने समस्त मूल अभिलेखों के साथ उनकी दो सेट छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ भी लाना सुनिश्चित करेंगे। विस्तृत विवरण महानिदेशालय की वेबसाईट **dgme.up.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों/चिकित्सा शिक्षकों को पृथक से उनके पत्राचार के पते पर पंजीकृत/स्पीड पोस्ट डाक के माध्यम से भी उक्त के सम्बन्ध में सूचना प्रेषित की जा रही है।

**विशिष्टतायें:– जनरल सर्जरी, पैथालोजी, सर्जिकल आंकोलोजी, एनेस्थीसिया, एपीडेमोलोजिस्ट कम सहायक आचार्य, कम्युनिटी मेडिसिन, आर्थोपेडिक्स तथा आब्स एण्ड गायनी।**

**महानिदेशक**

उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा चयनित/संस्तुत चिकित्सा शिक्षकों/अभ्यर्थियों की प्रथम तैनाती किये जानें हेतु काउंसिलिंग प्रकिया के आयोजन हेतु अभ्यर्थियों का विवरण

काउंसिलिंग तिथि — दिनॉक 14.02.2023 दिन मंगलवार

समय — पूर्वाह्न 11:00 बजे से

स्थान — सभाकक्ष, कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, जवाहर भवन, छठां तल, लखनऊ

| क्र. सं. | लोक सेवा आयोग से चयनित/संस्तुत अभ्यर्थी/चिकित्सा शिक्षक नाम, पिता/पति का नाम | विशिष्टता का नाम जिसमें चयनित हुये हैं |
|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* |
| 1 | डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह पुत्र श्री राधेश्याम यादव | जनरल सर्जरी |
| 2 | डा0 नेहा यादव पुत्री श्री विमलेश यादव | पैथालोजी |
| 3 | डा0 सत्यम पुत्र श्री मनमोहन | पैथालोजी |
| 4 | डा0 कल्याण पाण्डेय पुत्र श्री भृगुनाथ पाण्डेय | सर्जिकल आंकोलोजी |
| 5 | डा0 राजपूत अभिषेक कुमार पुत्र श्री राजपूत शैलेन्द्र सिंह | एनेस्थीसिया |
| 6 | डा0 वैभव सिंह पुत्र श्री समर बहादुर सिंह | एपीडेमोलोजिस्ट कम सहायक आचार्य |
| 7 | डा0 वैभव सिंह पुत्र श्री समर बहादुर सिंह | कम्युनिटी मेडिसिन |
| 8 | डा0 वर्तिका अग्रवाल पुत्री श्री अनिल कुमार अग्रवाल | कम्युनिटी मेडिसिन |
| 9 | डा0 अरूण कुमार यादव पुत्र श्री शिव बाबू यादव | आर्थोपेडिक्स |
| 10 | डा0 चेतना यादव पुत्री श्री चन्द्र शेखर यादव | आब्स एण्ड गायनी |

**उ0प्र0लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित एवं संस्तुत चिकित्सा शिक्षकों/अभ्यर्थियों की प्रथम तैनाती तय करनें हेतु काउंसिलिंग हेतु वॉछित अभिलेखों की सूची**

---

1. हाई स्कूल की अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र
2. इण्टरमीडिएट की अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र
3. स्नातक की अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र
4. स्नातकोत्तर की अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र
5. सुपर स्पेशियलिटी की अंकतालिका एव प्रमाण पत्र
6. पी0एच0डी0 अवार्ड होने का प्रमाण पत्र
7. एम0सी0आई0/स्टेट मेडिकल काउंसिल में यू0जी0 रजिस्ट्रेशन का प्रमाण पत्र
8. एम0सी0आई0/स्टेट मेडिकल काउंसिल में पी0जी0 रजिस्ट्रेशन का प्रमाण पत्र
9. एडीश्नल क्वालीफिकेशन यदि कोई हो, तो उसका प्रमाण पत्र
10. दो फोटो
11. जाति प्रमाण पत्र
12. आधार कार्ड

**अन्य निर्देश**

1. वर्तमान में नोवेल कोराना वायरस (कोविड–19) महामारी के दृष्टिगत काउंसिलिंग स्थल पर सोशल डिस्टेंसिग, मास्क, सरकार द्वारा समय–समय निर्गत गाईड लाईन्स आदि का अनुपालन समस्त अभ्यर्थियों/चिकित्सा शिक्षकों द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।
2. काउंसिलिंग की तिथि को वॉछित मूल अभिलेखों का सत्यापन किया जायेगा। समस्त अभ्यर्थी द्वारा अभिलेखों के सत्यापन हेतु समस्त मूल अभिलेखों सहित 02 सेट छायाप्रति भी साथ लाना आवश्यक है।
3. अभ्यर्थी द्वारा अपरिहार्य परिस्थितियों में अपनी ओर से किसी अन्य व्यक्ति को भी चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय द्वारा परिभाषित/निर्धारित प्रारूप में प्राधिकार पत्र के साथ काउंसिलिंग में भाग लेने के लिये अधिकृत किया जा सकता है। प्राधिकार पत्र का प्रारूप संलग्न है।

**महानिदेशक**

## प्राधिकार पत्र

मैं..................................................................पुत्र/पुत्री श्री.......................................................................................

लोक सेवा आयोग से चयनित विशिष्टता का नाम..........................................................................

श्रेणी........................................................पता.......................................................................................

..........................................................एतद्द्वारा उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा चयनित एवं संस्तुत चिकित्सा शिक्षकों/अभ्यर्थियों की प्रथम तैनाती हेतु आयोजित काउंसिलिंग में अपना विकल्प प्रस्तुत करनें हेतु श्री................................................................................................पुत्र/पुत्री श्री.................

.........................................................पता.......................................................................................

..........................................................को अधिकृत करता/करती हूँ। अधिकृत व्यक्ति की फोटो एवं हस्ताक्षर निम्नानुसार प्रमाणित किये जाते हैं।

स्थान.........................................

दिनॉक.......................................

**चिकित्सा शिक्षक/अभ्यर्थी का नाम एवं हस्ताक्षर**

अधिकृत व्यक्ति
की फोटो

**चिकित्सा शिक्षक/अभ्यर्थी का नाम एवं हस्ताक्षर**

**नोटः– चिकित्सा शिक्षक/अभ्यर्थी अधिकृत व्यक्ति के फोटो पर कास करते हुये हस्ताक्षर कर प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा।**